**प्रेस नोट** **दिनांक 18/04/2026**

**आज दिनांक 18.04.2026 को तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मऊ श्री प्रवीण मिश्र व पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा संयुक्त रूप से जन समस्याओं की सुनवाई की जा रही है, समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मामले का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद संबंधी मामलों में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त जांच कर निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

**अंजान व्यक्ति द्वारा फ्रॉड किये गये 47000 /- ( सैतालिस हजार ) रुपये थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा कराया गया वापस -**

**साइबर अपराध के माध्यम से ठगी गई धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस अधीक्षक मऊ महोदय के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के महोदय तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना कोपागंज जनपद मऊ के टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये यूपीआई के माध्यम से अंजान व्यक्ति द्वारा फ्रॉड किये गये 47000 /- (सैतालिस हजार ) रुपये पीड़ित फरजाना खातून पत्नी लतीफुर्रहमान निवासी ग्राम हिकमा चट्टी शिवपुर गाढ़ा थाना कोपागंज जनपद मऊ की कुल 47000 रूपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस थाना कोपागंज के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया ।साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।**

यौन शोषण करने वाला 01 वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ, श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र नाथ राय थाना कोपागंज के कुशल नेतृत्व में, दिनांक 18.04.2026 को, थाना थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व जरिये मुखबिर की सूचना पर बापू इन्टर कालेज लाडनपुर कोपागंज मऊ के के पास रोड के किनारे स थाना स्थानीय पर

पंजीकृत मु0अ0सं0 97/2026 धारा 69/351(3) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अहमादुल्लाह पुत्र शाहनवाज साकिन मु0 मुन्सीपुरा मखानवा थाना कोतवाली जनपद मऊ, उम्र 18 वर्ष को को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

पंजीकृत अभियोंग-

1. मु0अ0सं0 97/2026 धारा 69/351(3) BNS थाना कोपागंज जनपद मऊ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अहमादुल्लाह पुत्र शाहनवाज साकिन मु0 मुन्सीपुरा मखानवा थाना कोतवाली जनपद मऊ, उम्र 18 वर्ष

**लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह, तथा प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 11.04.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी बुजुर्ग(मठिया) के रहने वाले श्री जालन्धर राजभर पुत्र फुलेसर द्वारा अपनी पुत्री को विपक्षी द्वारा बहला फुसला कर कहीं भगा ले जाने के सम्बन्ध में उनकी लिखित सूचना पर थाना घोसी पर मु0अ0सं0 151/26 धारा 87,137(2) बी.एन.एस बनाम 1. गुलशन निषाद पुत्र राजकुमार नि0 पकड़ी बुजुर्ग(मठिया) थाना घोसी मऊ, आदि 03 नफर के पंजीकृत किया गया था जिस सम्बन्ध में घोसी पुलिस टीम द्वारा आज 18.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त गुलशन निषाद पुत्र राजकुमार नि0 पकड़ी बुजुर्ग(मठिया) थाना घोसी मऊ उम्र करीब 23 वर्ष को हडहुआ मोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. गुलशन निषाद पुत्र राजकुमार नि0 पकड़ी बुजुर्ग(मठिया) थाना घोसी मऊ उम्र करीब 23 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 151/26 धारा 87,137(2) बी.एन.एस थाना घोसी जनपद मऊ।

**मार-पीट मामले संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मु0बाद गोहना श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 18.04.2026 थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा

देखभाल क्षेत्र व जरिये मुखबिर की सूचना पर समय रामघाट बन्धा के पास मु0अ0सं0 091/26 धारा 115(2), 352, 351(3), 118(1), 109 BNS BNS थाना मु.बाद गोहना जनपद अभियुक्त अबुजफर अंसारी पुत्र नेसार अहमद निवासी अतरारी थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ उम्र गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अबुजफर अंसारी पुत्र नेसार अहमद निवासी अतरारी थाना मु0बाद गोहना जनपद उम्र करीब

## पंजीकृ अभियोंग-

1. मु0अ0सं0 091/26 धारा 115(2), 352, 351(3), 118(1), 109 BNS BNS थाना मु.बाद गोहना

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंगई करने वाले 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, श्रीमान क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 18.04.2026 को थाना घोसी के एण्टीरोमियो टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंगई करने वाले 06 व्यक्तियों का चालान कर तथा 02 बाईक को सीज किया गया।

दिनांक 18.04.2026 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा थाना मुहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक(न्यायालय) ,भूमि विवाद रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर,जनसुनवाई रजिस्टर, सीसीटीएनएस शाखा ,महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह , सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों को ससमय अभिलेखित करने हेतु निर्देशित किया गया व गैंगेस्टर गुंडा एक्ट एचएस में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता पूर्वक सुनने तथा निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही साथ थाना

परिसर में भ्रमण कर साफ-सफाई इत्यादि का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई उच्च स्तर का बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री शीतला प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद तथा अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहै।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 18.04.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 43 टीम गठित कर जनपद के 48 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1400 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 390 वाहनों को विभिन्न धारोओ में चालान एवं 03 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।